TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

## 22 मई

1. **अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस–** जैव विविधता मुद्दों को प्रोत्साहित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस की शुरूआत की गई है। पहले यह 29 दिसम्बर को कॉन्वेंशन बायेलॉजिकल डायवर्सिटी के रूप में मनाया जाता था। किन्तु रियो अर्थ सम्मेलन (1992 ई.) के दौरान इसे 22 मई कर दिया गया। प्रौद्योगिकी विकास के बावजूद हम भोजन, ईंधन, आवास, औषधि, जल, हवा आदि के लिए प्रकृति पर आश्रित रहते हैं। जैवविविधता मानव के अस्तित्व के लिए नितांत आवश्यक हैं, परंतु फिर भी अनेक जीव प्रजातियां निरंतर विलुप्ति के कगार पर हैं। मानव समाज को विवेकहीनता एवं अदूरदर्शितापूर्ण व्यवहार का त्याग कर जैवविविधता जैसे अमूल्य उपहार का संरक्षण एवं संवर्धन करने का प्रयास करना चाहिए।
   - **संदर्भः वर्ग 8, विज्ञान भाग 3, पाठ 12** से जोड़कर चर्चा करें।

2. **शेरशाह की मृत्यु–** कालिंजर (बुंदेलखण्ड) अभियान के दौरान किले की दिवार से टकराकर लौटे एक गोले के विस्फोट से शेरशाह की 22 मई, 1545 ई. (कहीं कहीं 13 मई, 1545 ई. का भी जिक्र है) को मृत्यु हो गयी। मृत्यु के समय वह 'उक्का' नामक आग्नेयास्त्र चला रहा था। उसके मरने से पूर्व ही किले को जीता जा चुका था। शेरशाह का मकबरा बिहार के रोहतास जिले के सासाराम में स्थित है। शेरशाह का मकबरा उनके बेटे इस्लामशाह ने बनवाया था। यह कृत्रिम झील के बीच अष्टकोणीय आकृति में लाल बलुआ पत्थर से बनाया गया है।
   - **संदर्भः** वर्ग सात की इतिहास की पाठ्यपुस्तक **'अतीत से वर्तमान भाग 2' के अध्याय 4** से जोड़कर बच्चों से चर्चा करें।

3. **राजाराम मोहन राय का जन्म–** राजाराम मोहन राय का जन्म हुगली जिले के राधानगर में 22 मई, 1772 ई. को हुआ था। इन्हें 'भारतीय पुनर्जागरण का जनक' माना जाता है। वे अरबी, फारसी, अंग्रेजी, ग्रीक, फ्रेंच, जर्मन, संस्कृत, लैटिन और हिब्रू भाषा के ज्ञाता थे। 1814 ई. में उन्होंने आत्मीयसभा एवं 1816 ई. में वेदांत सोसाइटी की स्थापना की। उन्होंने डेविड हेयर की सहायता से कलकत्ता में 'हिन्दू कॉलेज' की स्थापना की। 1828 ई. में उन्होंने ब्रह्म समाज की स्थापना की। उन्होंने समाज में स्त्रियों की स्थिति सुधारने का प्रयास किया। मुगल सम्राट अकबर द्वितीय ने उन्हें 'राजा' की उपाधि प्रदान किया था।
   - **संदर्भः** कक्षा आठ के इतिहास की पाठ्यपुस्तक **'अतीत से वर्तमान भाग 3' के अध्याय 12,** में 'स्वराज की चाहत' से जोड़कर चर्चा करें।

W e d n e s d a y

मधु प्रिया


# अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस 22 मई



प्रतिवर्ष 22 मई को "अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता" दिवस मनाया जाता है। इसे 'विश्व जैव विविधता संरक्षण दिवस' भी कहते हैं। इसका प्रारंभ संयुक्त राष्ट्र संघ ने किया था। हमारे जीवन में जैव विविधता का काफी महत्व है।प्राकृतिक एवं पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में जैव विविधता का महत्व देखते हुए ही जैव विविधता दिवस को अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। नैरोबी में 29 दिसंबर 1992 को हुए जैव विविधता सम्मेलन में यह निर्णय लिया गया था, किंतु कई देशों द्वारा व्यावहारिक कठिनाइयां जाहिर करने के कारण इस दिन को 29 मई की बजाय 22 मई को मनाने का निर्णय लिया गया।अत: हमें एक ऐसे पर्यावरण का निर्माण करना है, जो जैव विविधता में समृद्ध, टिकाऊ और आर्थिक गतिविधियों के लिए हमें अवसर प्रदान कर सकें। जैव विविधता के कमी होने से प्राकृतिक आपदा जैसे बाढ़, सूखा और तूफान आदि आने का खतरा और अधिक बढ़ जाता है अत: हमारे लिए जैव विविधता का संरक्षण बहुत जरूरी है।इस दिवस को हर वर्ष एक नए थीम के साथ मनाया जाता है । अन्तर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस का 2023 का थीम ' और इस वर्ष का विषय, ' एग्रीमेंट टू एक्शन: बिल्ड बैक बायोडायवर्सिटी ', COP15 के परिणामों पर आधारित है।

# जयंती विशेष 22 मई

राकेश कुमार




**राजा राममोहन राय** *Raja Ram Mohan Roy*, जन्म: 22 मई, 1772; मृत्यु: 27 सितम्बर, 1833) को 'आधुनिक भारतीय समाज का जन्मदाता' कहा जाता है। वे ब्रह्म समाज के संस्थापक, भारतीय भाषायी प्रेस के प्रवर्तक, जनजागरण और सामाजिक सुधार आंदोलन के प्रणेता तथा बंगाल में नव-जागरण युग के पितामह थे। धार्मिक और सामाजिक विकास के क्षेत्र में राजा राममोहन राय का नाम सबसे अग्रणी है। राजा राम मोहन राय ने तत्कालीन भारतीय समाज की कट्टरता, रूढ़िवादिता एवं अंध विश्वासों को दूर करके उसे आधुनिक बनाने का प्रयास किया।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 22.05.2024

## पेस्टलोजी के सिद्धांत

पेस्टलोजी दृष्टिकोण का एक प्रमुख अंतर्निहित सिद्धांत यह है कि बच्चों को ऐसी शिक्षा प्रदान करना पर्याप्त नहीं है जो पूरी तरह से संज्ञानात्मक या बौद्धिक हो ; कि उन्हें साइकोमोटर, भावात्मक और संज्ञानात्मक विकास, या, पेस्टलोजी के अनुसार, सीखने के लिए एक संतुलित, संपूर्ण-बाल दृष्टिकोण दिया जाना चाहिए।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



**एलन मस्क** (Elon Musk) ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया है की आने वाले **दो दशकों** में इंसान **मार्स** (Mars) ग्रह पर रहना शुरू कर देंगे। उन्होंने बताया है की वो **10 लाख लोगों** को **मार्स** पर भेजने के लिए **तेजी** से काम कर रहे हैं।

# **TOB** बूझो तो जानें. .



408

राजा महाराजाओं के ये,  कभी बहुत आया काम,
संदेश इसने बहुत पहुचाएँ,  सुबह हो या शाम ....
बुझो तो जानें ?




www.teachersofbihar.org

संजय कुमार

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 394

कौन सा देश अपने सभी ग्लेशियर खोने वाला दुनियां का पहला देश बन गया है?

A. वेनेजुएला

B. कनाडा

C. ग्रीक

D. नार्वे



www.teachersofbihar.org

सही उत्तर: A

## ओलम्पिक से जुड़े प्रश्न

01. 1968 मे ओलिंपिक खेल का आयोजन कहाँ हुआ था? -- मेक्सिको सिटी में

02. Modern Olympics के जनक किसे कहा जाता है? -- Pierre de Coubertin

03. अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति का मुख्यालय कहाँ है? -- लॉज़ेन (Lausanne), स्विट्जरलैण्ड

04. ओलम्पिक का स्वर्ण पदक किस धातु से बना होता है? -- यह 92.5% चांदी और 6 ग्राम सोना

05. ओलम्पिक के प्रतीक चिन्ह क्या दर्शाते हैं? -- ओलम्पिक के पांच रिंग 5 खेल की सार्वभौमिकता को दर्शाती हैं - ये पांच रिंग अफ्रीका, अमेरिका, एशिया, ऑस्ट्रेलिया, और यूरोप महाद्वीप का प्रतिनिधित्व करती हैं।

06. ओलम्पिक खेल कितने वर्षों के अंतराल में आयोजित किए जाते हैं? -- हर 4 वर्ष के अंतराल में

07. ओलम्पिक मशाल किस पदार्थ से प्रज्ज्वलित की जाती है? -- ओलिम्पिक मशाल 65% ब्यूटेन (सिगरेट लाइटर वाली गैस) और 35% प्रोपेन (LPG) के मिश्रण से





# अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस

22 मई

**पारिस्थितिकी तंत्र के साथ प्रकृति के संतुलन और समृद्धि के लिए जैव विविधता महत्वपूर्ण है।**

www.teachersofbihar.org

Madhu priya



भारतीय पुनर्जागरण के अग्रदूत, समाज सुधारक,
विचारक, ब्रम्ह समाज के संस्थापक

# राजा राममोहन राय

की जयंती पर सादर नमन।

जन्म- 22 मई 1772 - मृत्यु- 27 सितंबर 1833

www.teachersofbihar.org

Madhu priya

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS



सुप्रसिद्ध भारतीय कवि, लेखक, अनुवादक, पद्मश्री, पद्मभूषण, डॉ. मोटूरि सत्यनारायण पुरस्कार से सम्मानित, हिंदी-रूसी साहित्य के आधुनिक सेतु निर्माताओं में से एक

# मदन लाल मधु

के जयंती पर सादर नमन।

जन्म: 22 मई 1925 - मृत्यु: 7 जुलाई 2014

www.teachersofbihar.org

Madhu priya

ऑफ स्पिन में विशेषज्ञता रखने वाले
भारतीय स्पिन चौकड़ी में से प्रमुख

# ईएएस प्रसन्ना

के जन्मदिवस पर टीचर्स ऑफ बिहार
परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं
और बधाई।



जन्म- 22 मई 1940

Madhu priya

जयंती विशेष

**22 मई 2024**

# Teachers of Bihar

The Change Makers


## आज का सुविचार

स्त्री शिक्षा समाज की प्रगति के लिए आवश्यक है।

**राजा राममोहन राय**

**( महान समाज सुधारक )**

जन्म: 22 मई 1772 मृत्यु: 27 सितंबर 1833



राकेश कुमार